# इरेडा ने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया




नई दिल्ली, 3 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने "आजादी का अमृत महोत्सव" के तत्वावधान में अपने कर्मचारियों के लिए एक निवारक स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य जांच का आयोजन इरेडा के पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय में किया गया था।

निवारक स्वास्थ्य जांच के हिस्से के रूप में, लीवर, किडनी, ब्लड शुगर लेवल, थायराइड फंक्शन, ब्लड प्रेशर, विटामिन डी 25 और बी 12, आदि की स्क्रीनिंग सहित विभिन्न जांच की गई। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सहित 123 कर्मचारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

इस अवसर पर बोलते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि इरेडा अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और फिटनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है क्योंकि मानव संसाधन कंपनी की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि स्क्रीनिंग से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी और सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी फिटनेस में सुधार होने के परिणामस्वरूप कार्य-निष्पादन में वृद्धि होगी।